PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Tue, 23 May 2017, Page 13
Width: 17.61 cms, Height: 20.15 cms, a4, Ref: 42.2017-05-23.156

सरकार के ई-कॉमर्स मंच पर 21,000 से ज्यादा उत्पाद

नई दिल्ली | एजेंसियां

सरकार के ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) **https://gem.gov.in** यानी इलेक्ट्रॉनिक बाजार पर 249 श्रेणी के अंतर्गत 21,000 से अधिक उत्पाद तथा सुरक्षा, परिवहन और आईटी पेशेवर जैसी 17 सेवाएं उपलब्ध हैं।

वाणिज्य मंत्रालय के दस्तावेज के अनुसार अगस्त 2016 तथा इस साल 30 अप्रैल के दौरान जीईएम पर कुल 454 करोड़ रुपये मूल्य की खरीद की गई। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि हम और उत्पाद और सेवाएं पोर्टल पर जोड़ रहे हैं। 30 अप्रैल तक इस पर 21,036 उत्पाद थे। हम वस्तु एवं सेवाओं की खरीद के लिए राज्यों को भी जीईएम के साथ सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा ऑनलाइन वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए जीईएम की शुरुआत पिछले वर्ष अगस्त में की गई। दस्तावेज के अनुसार पोर्टल के दायरे में पूरी खरीद प्रक्रिया शृंखला आती है।

रिपोर्ट

- सुरक्षा, परिवहन और आईटी पेशेवर जैसी 17 सेवाएं भी उपलब्ध
- राज्यों को जीईएम के साथ सहमति के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है